**निविदा सूचना**

**संदर्भ: COORD-RPRT/AR/1/2026-COORD** **दिनांक: 29.06.2026**

**वर्ष 2025-26 के लिए एमपीईडीए की वार्षिक रिपोर्ट के मुद्रण एवं सुपुर्दगी के लिए निविदा वेबसाइट-** https://gem.gov.in & www.mpeda.gov.in **पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज़ों की आवश्यकताओं के अनुसार "वर्ष 2025-26 के लिए एमपीईडीए की वार्षिक रिपोर्ट के मुद्रण एवं सुपुर्दगी" हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों से बोली आमंत्रित की जाती हैं।**
**बोली दिनांक 24.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे तक अथवा उससे पूर्व जेम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत की जानी चाहिए।।**

**निविदा फॉर्म**
**समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण**
**(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)**
**पोस्ट बॉक्स सं. 4272, एमपीईडीए हाउस, पनंपिल्ली नगर, कोच्ची- 682 036**
**फोन: + + 91-484- 2321722, 2312812, 2311901**
**ईमेल:** coord@mpeda.gov.in
**वेबसाइट:** http://www.mpeda.gov.in

## सूची


| क्र. सं. | मद | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| **1.** | **निविदा नोटिस** | |
| | क. भूमिका | 5 |
| | ख. कार्य का विवरण | 5 |
| | ग. पात्रता मानदंड | 6 |
| | घ. निबंधन और शर्तें | 6 |
| | ङ. स्कोरिंग पैटर्न | 10 |
| | च. आवेदन कैसे दें | 11 |
| **2.** | तकनीकी बोली का प्रारूप | 12-13 |
| **3.** | वचनबंध का प्रारूप | 14 |

समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण

(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)

**पोस्ट बॉक्स सं. 4272, एमपीईडीए हाउस, पनंपिल्ली नगर, कोच्ची- 682 036**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | वर्ष 2025-26 के लिए एमपीईडीए की वार्षिक रिपोर्ट के द्विभाषी (अंग्रेज़ी और हिंदी) में मुद्रण एवं सुपुर्दगी |
| कार्य निष्पादन सुरक्षा जमा राशि (सफल बोलीदाता के लिए) | किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से सचिव, एमपिईडीए के नाम पर एर्नाकुलम में देय लेखा आदाता डिमांड ड्राफ्ट के रूप में कार्य आदेश की स्वीकृति के साथ उद्धृत मूल्य का **5%** |
| बोली की प्राप्ति हेतु अंतिम तारीख एवं समय | **24.07.2026 को सुबह 11:00 बजे** |
| तकनीकी बोली खोलने की तिथि एवं समय | **28.07.2026 को सुबह 02:30 बजे.** |
| बोली खोलने का स्थान | एमपीईडीए मुख्यालय<br>पोस्ट बॉक्स सं. 4272,<br>एमपीईडीए हाउस,<br>पनंपिल्ली नगर,<br>कोच्ची- 682036<br>टेल: +91 0484 2311901<br>ई-मेल: coord@mpeda.gov.in |

## वर्ष 2025-26 के लिए एमपीईडीए की वार्षिक रिपोर्ट का मुद्रण एवं सुपुर्दगी के लिए निविदा दस्तावेज़

**क. परिचय**

समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) (जिसे आगे "प्राधिकरण" कहा जाएगा) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय है। इसका मुख्यालय पनंपिल्ली नगर, कोच्ची में स्थित है। एमपीईडीए को भारत से समुद्री उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने का प्रमुख दायित्व सौंपा गया है।

**वर्ष 2025-26 के लिए समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) की वार्षिक रिपोर्ट के द्विभाषी (अंग्रेज़ी और हिंदी) रूप में मुद्रण तथा सुपुर्दगी करने हेतु** प्रतिष्ठित मुद्रणालयों से जेम पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रारूप में निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

**ख. कार्य का विवरण**

निविदा दस्तावेज़ **https://gem.gov.in** और www.mpeda.gov.in वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। **तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली पृथक-पृथक फाइलों में अपलोड की जानी चाहिए। तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली को एक ही फाइल में अपलोड करने पर बोलीदाता को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।** बोलियां **जेम पोर्टल- https://gem.gov.in** के माध्यम से प्रस्तुत/ अपलोड की जा सकती है।

**चयन विधि : न्यूनतम लागत आधारित मूल्यांकन पद्धति (एलसीएस)।** बोली जेम के निबंधन और शर्तों के अनुसार होगा।

निविदा दस्तावेज़ में उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करने तथा तकनीकी बोली के मूल्यांकन में निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करनेवाले बोलीदाताओं की ही वित्तीय बोलियाँ खोली जाएँगी। तकनीकी मूल्यांकन एवं प्रस्तुतीकरण के उपरांत केवल उन बोलीदाताओं की वित्तीय बोलियाँ खोली जाएँगी, जिन्होंने तकनीकी मूल्यांकन में **60** या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हों।

पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले तथा में **वर्ष 2025-26 के लिए समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) के वार्षिक रिपोर्ट का द्विभाषी (अंग्रेज़ी और हिंदी)** मुद्रण एवं सुपुर्दगी करने के लिए इच्छुक, निविदा की निबंधन और शर्तों के अधीन अपनी दर उद्धरण **जेम पोर्टल- https://gem.gov.in** के माध्यम से प्रस्तुत कर सकती हैं।

**ग. पात्रता मानदंड**

**(i) अनिवार्य**

1. बोलीदाता प्रतिष्ठित मुद्रणालय (जिसे आगे "विक्रेता" कहा जाएगा) होना चाहिए, जिसका वित्तीय वर्ष 2023-24 से प्रारंभ होने वाले पिछले तीन वर्षों का औसत वार्षिक वित्तीय कारोबार **₹6,00,000/- (रुपये छह लाख मात्र)** अथवा उससे अधिक हो। मुद्रणालय के पास उच्च गुणवत्ता के मुद्रण कार्य हेतु नवीनतम प्रौद्योगिकी से युक्त आवश्यक मुद्रण मशीनें उपलब्ध होनी चाहिए।

2. विक्रेता को प्रकाशनों के मुद्रण एवं सुपुर्दगी के क्षेत्र में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

3. विक्रेता को प्रति वर्ष ₹50,000/- अथवा उससे अधिक मूल्य के कम-से-कम दो समान प्रकृति के कार्यादेश प्राप्त हुए होने चाहिए।

4. विक्रेता के पास 31.03.2026 को समाप्त होने वाले पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण (तुलन-पत्र एवं लाभ-हानि खाता) तथा यूडीआईएन सहित चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा जारी प्रमाण-पत्र उपलब्ध होना चाहिए।

5. विक्रेता के पास जीएसटी पंजीकरण होना चाहिए।

6. केंद्र/ राज्य सरकार/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ निजी प्रतिष्ठानों आदि के लिए विभिन्न सामाजिक/ सेवा एवं व्यावसायिक आयोजनों से संबंधित प्रकाशनों के मुद्रण एवं सुपुर्दगी के अनुभव का प्रमाण प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

**(ii) वांछनीय**

1. यदि कोई पुरस्कार/ उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र प्राप्त हुए हों।

केवल उन एजेंसियों/ बोलीदाता के आवेदन पर विचार किया जाएगा, जो निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों। प्राधिकरण द्वारा आवेदन स्वीकार किए जाने मात्र से अनुबंध प्रदान किए जाने का कोई आश्वासन प्राप्त नहीं होगा।

**घ. नियम और शर्तें**

**1. सफल बोलीदाता को कार्यादेश स्वीकार करते समय उद्धृत मूल्य के 5% के समतुल्य कार्य निष्पादन सुरक्षा जमा प्रस्तुत करनी होगी।**

**2.** यदि विक्रेता अनुबंध की किसी शर्त का उल्लंघन करता है, तो प्राधिकरण को **निष्पादन सुरक्षा जमा** को जब्त करने के अतिरिक्त, विक्रेता से प्राधिकरण को हुई किसी भी हानि अथवा क्षति के लिए, प्राधिकरण द्वारा निर्धारित सीमा तक क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का अधिकार होगा।

**3. मुद्रण कार्य हेतु बोलीदाता का केरल के एर्नाकुलम जिले में मुद्रणालय सहित पंजीकृत कार्यालय/ शाखा कार्यालय होना चाहिए। बोलीदाता को अपने कार्यालय/ मुद्रणालय के पते का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।**

**4. सफल बोलीदाता को कार्यादेश जारी किया जाएगा और कार्यादेश की स्वीकृति के प्रतीकस्वरूप सफल बोलीदाता द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित कार्यादेश की एक प्रति प्राधिकरण को प्रस्तुत करनी होगी।**

5. विक्रेता के पास आधुनिक मशीनों से सुसज्जित पूर्णतः सुसंस्थापित मुद्रण सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए।

6. अनुबंध प्रदान किए जाने की स्थिति में विक्रेता कार्य का पूर्ण अथवा आंशिक भाग किसी अन्य एजेंसी को उप-ठेके पर नहीं देगा।

**7.** विक्रेता कार्यादेश की शर्तों के अनुसार, प्राधिकरण की पूर्ण संतुष्टि के अनुरूप वार्षिक रिपोर्ट का मुद्रण एवं वितरण करना है।

**8.** बोली प्रस्तुत करने से पूर्व विक्रेताओं को कार्य की प्रकृति एवं परिमाण का भली-भाँति आकलन करने की सलाह दी जाती है।

**9.** यदि एजेंसी किसी कार्यादेश का पालन करने में चूक करती है, तो प्राधिकरण को यह अधिकार होगा कि वह उक्त कार्य किसी अन्य व्यक्ति से कराए और ऐसे कार्य निष्पादन पर होने वाले समस्त व्यय, चाहे वह प्रत्यक्ष हो अथवा आनुषंगिक, का वहन प्रारंभिक रूप से प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा तथा उक्त व्यय की राशि एजेंसी को देय अथवा भविष्य में देय किसी भी भुगतान से प्राधिकरण द्वारा वसूली की जाएगी।

**10.** अनुबंध से उत्पन्न होने वाले अथवा इससे संबंधित सभी मामलों में प्राधिकरण का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

**11.** एजेंसी द्वारा प्रत्यक्ष रूप से अथवा उसकी ओर से किसी अन्य एजेंसी/ व्यक्ति के माध्यम से किसी भी प्रकार की सिफ़ारिश किए जाने पर उसकी बोली को अयोग्य घोषित किया जाएगा।

**12.** कृपया ध्यान दें कि सूचना का मिथ्याकरण/ तथ्यों को छिपाया जाना विक्रेता की अयोग्यता तथा उसे ब्लैकलिस्ट में शामिल किए जाने का आधार होगा।

**13.** इस अनुबंध के निष्पादन से उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद या दावे से संबंधित मामले/ कार्यवाही एर्नाकुलम, केरल के क्षेत्राधिकार में आने वाले न्यायालय के अधीन होगा।

**14.** यदि विक्रेता उपर्युक्त किसी भी नियम एवं शर्तों का उल्लंघन करता है अथवा विक्रेता की सेवाएँ असंतोषजनक पाई जाती हैं, तो प्राधिकरण को विक्रेता को 5 दिन का नोटिस देकर, अनुबंध अवधि की समाप्ति से पूर्व भी अनुबंध समाप्त करने का अधिकार होगा। इसके अतिरिक्त, प्राधिकरण को बिना कोई कारण बताए भी विक्रेता को 10 दिन का नोटिस देकर उसकी सेवाएँ समाप्त करने का अधिकार होगा।

**15.** प्राधिकरण को निविदा दस्तावेज़ में उल्लिखित किसी भी शर्त, उपबंध अथवा मद का स्पष्टीकरण देने, संशोधन करने, परिवर्तन करने, पूरक जोड़ने अथवा हटाने के लिए परिशिष्ट जारी करने का अधिकार होगा। जारी किया गया प्रत्येक परिशिष्ट मूल निविदा आमंत्रण का हिस्सा माना जाएगा।

**16.** प्राधिकरण बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस संबंध में प्राधिकरण द्वारा किसी भी प्रकार के दावे अथवा शिकायत पर विचार नहीं किया जाएगा।

**17.** इस निविदा सूचना के प्रत्युत्तर में प्राप्त न्यूनतम दर वाली अथवा किसी अन्य निविदा को स्वीकार करने के लिए प्राधिकरण बाध्य नहीं होगा।

**18.** निविदा दस्तावेजों के प्रत्येक पृष्ठ पर विक्रेता के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा विक्रेता की मुहर मुहर सहित हस्ताक्षर किए जाने चाहिए।

**19.** यदि विक्रेता एक कंपनी है, तो कंपनी की ओर से निविदा पर हस्ताक्षर करने हेतु हस्ताक्षरकर्ता को अधिकृत करने वाला कंपनी का बोर्ड संकल्प प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

**20.** यदि विक्रेता अनुबंध का उल्लंघन करता है, तो सुरक्षा जमा राशि की जब्ती के अतिरिक्त, प्राधिकरण को हुई किसी भी हानि अथवा क्षति के संबंध में, प्राधिकरण द्वारा निर्धारित हानि की सीमा तक विक्रेता से क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का अधिकार होगा।

**21.** मुद्रण संबंधी आवश्यकताओं का विवरण

| **क्र. सं.** | **मुद्रण कार्य** | **प्रतियों की संख्या** |
|---|---|---|
| **1** | **वर्ष 2025-26 के लिए समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) की वार्षिक रिपोर्ट, द्विभाषी रूप में (अंग्रेज़ी और हिंदी)** | **100** |

22. मुद्रित वार्षिक रिपोर्टों की सुपुर्दगी स्थान : एमपीईडीए मुख्यालय, पनंपिल्ली नगर, कोच्ची, एर्णाकुलम, केरल

23. प्रकाशनों की तकनीकी विशिष्टताएँ:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वार्षिक रिपोर्ट का आकार | 28 से मी X 21 से मी |
| 2. | कागज़ की गुणवत्ता (अंदर के पृष्ठ) | मुद्रण के लिए 130 जीएसएम आर्ट पेपर |
| 3. | मुख पृष्ठ के कागज़ की गुणवत्ता | फोरिन आर्ट कार्ड - 210 जीएसएम |
| 4. | रंग विकल्प - मुख पृष्ठ | 4 रंग |
| 5. | रंग विकल्प - अंदर के पृष्ठ | 4 रंग - फोटो/ चार्ट |
| 6. | रंग विकल्प - अंदर के पृष्ठ | बहुरंगी |
| 7. | प्रतियों की संख्या | 100 |
| 8. | कवर सहित पृष्ठों की अनुमानित संख्या | 350 पृष्ठ |
| 9. | भाषा | द्विभाषी - हिंदी (यूनिकोड मंगल फॉन्ट) और अंग्रेज़ी |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | मुद्रण शैली | पेपर के दोनों ओर प्रत्येक पृष्ठ पर एक कॉलम |
| 11. | लामिनेशन | बाहरी कवर ग्लॉसी लामिनेशन |
| 12. | बाइंडिंग | उत्तम बाइंडिंग |

**24.** यद्यपि यह निविदा निर्दिष्ट संख्या के लिए है, एमपीईडीए को 50 के गुणकों की संख्या में अतिरिक्त प्रतियाँ मँगवाने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। अतिरिक्त आदेश सुपुर्दगी निर्धारित तिथि के कम से कम दो हफ्ते पहले जारी किए जाएंगे।

**25.** मुद्रण सामाग्री पिडीएफ/ डॉक रूप में कार्यादेश की स्वीकृति के बाद उपलब्ध कराई जाएगी।

**26.** हिंदी में मुद्रण सामग्री यूनिकोड मंगल फ़ॉन्ट में उपलब्ध कराई जाएगी। फ़ॉन्ट का किसी भी प्रकार का रूपांतरण मुद्रक की जिम्मेदारी होगी।

**27.** क्षतिग्रस्त प्रकाशनों को बोलीदाता को वापस कर दिया जाएगा तथा अंतिम मात्रा की गणना तदनुसार की जाएगी।

**28.** यदि वितरण स्थल पर प्राप्त प्रकाशनों की संख्या में कोई विसंगति पाई जाती है, तो एमपीईडीए के प्रतिनिधि द्वारा की गई गणना अंतिम होगी।

**च. चयन की विधि तथा मानदंड**

बिडिंग प्रक्रिया दो स्तरीय प्रक्रिया होगी। तकनीकी बोलियों के विस्तृत मूल्यांकन से पूर्व, एमपिईडीए यह निर्धारित करेगा कि प्रत्येक बोली ;

क) पूर्ण हो

ख) पात्रता मानदंडों के अनुरूप अपेक्षित सभी सूचनाओं एवं दस्तावेज़ों के साथ प्रस्तुत की गई हो, तथा

ग) निविदा दस्तावेज़ में अपेक्षित आवश्यकताओं के प्रति पर्याप्त रूप से अनुरूप हो

मूल्यांकन तकनीकी एवं वित्तीय मापदंडों के आधार पर होगा। तकनीकी मापदंडों के लिए 30% तथा वित्तीय मापदंडों के लिए 70% भारांक निर्धारित होगा।

क) पूर्व-बोली बैठक दिनांक **08.07.2026 को 12.00 बजे** ऑनलाइन मोड के रूप में आयोजित किया जाएगा। लिंक जेम निविदा दस्तावेज़ में दिया जाएगा।

ख) तकनीकी महत्व (St): तकनीकी मूल्यांकन में बोलीदाता द्वारा प्राप्त अंकों की गणना निम्नानुसार अधिकतम 30 अंकों के लिए की जाएगी:

$St = T*0.30$ जहां T बोलीदाता को तकनीकी मूल्यांकन मानदंड के अनुसार दिया गया है।

ग) वित्तीय महत्व (Sf): वित्तीय मूल्यांकन में बोलीदाता द्वारा प्राप्त अंकों की गणना निम्नानुसार अधिकतम 70 अंकों के लिए की जाएगी:

अन्य सभी प्रस्तावों के वाणिज्यिक अंक $Sf = 70 \times Fm/F$ द्वारा निर्धारित किए जाएँगे।
(Fm = न्यूनतम मूल्यांकित निविदा लागत, F = विचाराधीन वाणिज्यिक प्रस्ताव का मूल्य)

ग) अंतिम चयन: प्रस्तावों की रैंकिंग उनके संयुक्त तकनीकी (St) एवं वाणिज्यिक (Sf) अंकों के आधार पर की जाएगी। संयुक्त तकनीकी एवं वाणिज्यिक अंक $S = St + Sf$ के रूप में परिकलित किए जाएँगे।

पात्र बोलीदाताओं की तकनीकी बोली का मूल्यांकन उनके अनुभव, टर्नओवर तथा अर्हता के आधार पर किया जाएगा। मूल्यांकन समिति प्रत्येक तकनीकी बोली का मूल्यांकन निम्नलिखित मानदंडों के अनुसार अंक प्रदान करके करेगी।

**च. अंक के पैटर्न**

| सं. | मूल्यांकन के लिए मानदंड | अधिकतम अंक (St) | आवश्यक दस्तावेज़ |
|---|---|---|---|
| **1** | **पुस्तकों/ प्रकाशनों आदि के मुद्रण में अनुभव** | **अधिकतम 25 अंक** | 1. कंपनी इनकॉर्पोरेशन सर्टिफ़िकेट<br>2. कार्यादेश की प्रतियाँ/ जीएसटी चालान<br>3. एमएसएमई प्रमाण-पत्र |
| क. | एमएसएमई/ स्टार्टअप | 5 | |
| ख. | 3 से 5 वर्ष | 15 | |
| ग. | 5 से 8 वर्ष | 20 | |
| घ. | 8 वर्ष से ऊपर | 25 | |
| **2** | **पिछले तीन वर्ष का औसत टर्नओवर (रुपये)** | **अधिकतम 25 अंक** | 1. सीए प्रमाण-पत्र और वित्तीय ब्योरा<br>2. एमएसएमई प्रमाण-पत्र |
| क. | एमएसएमई/ स्टार्टअप | 10 | |
| ख. | 6 से 10 लाख | 15 | |
| ग. | 10 से 15 लाख | 20 | |
| घ. | 15 लाख से ऊपर | 25 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **3** | **पिछले 3 वर्षों में समान कार्यादेश (निविदा में उल्लिखित विनिर्देशों के अनुसार)** | **अधिकतम 25 अंक** | 1. कार्यादेश की प्रतियाँ<br>2. कार्य समापन प्रमाण-पत्र<br>3. एमएसएमई प्रमाण-पत्र |
| क. | एमएसएमई/ स्टार्टअप | 10 | |
| ख. | पिछले तीन वर्षों में 02 से 04 कार्यादेश | 15 | |
| ग. | पिछले तीन वर्षों में 04 से 06 कार्यादेश | 20 | |
| घ. | पिछले तीन वर्षों में 06 से अधिक कार्यादेश | 25 | |
| **4** | **अंकों के अन्य मापदंड** | **अधिकतम 25 अंक** | 1. पुरस्कार/ प्रमाणन की प्रति<br>2. सरकार/ सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम से प्राप्त कार्य समापन प्रमाण-पत्र |
| क. | पुरस्कार/ प्रमाणन | 15 | |
| ख. | सरकार/ सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के साथ किए गए कार्य | 25 | |
| **टिप्पणी: तकनीकी बोली के लिए उत्तीर्ण होने हेतु न्यूनतम अंक 60 और अधिकतम अंक 100 है।** | | | |

छ. **आवेदन की प्रक्रिया**

केवल वे एजेंसियाँ/ बोलीदाताएं, जो निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, उनके आवेदन पर ही प्राधिकरण द्वारा विचार किया जाएगा। प्राधिकरण द्वारा आवेदन स्वीकार किए जाने मात्र से अनुबंध प्रदान किए जाने की गारंटी नहीं होगी।

निविदाएँ **जेम पोर्टल - https://gem.gov.in** के माध्यम से प्रस्तुत/ अपलोड की जाएँगी।

# <u>तकनीकी बोली</u>

**प्रेषक**

**.......................................**

.......................................

सेवा में,

सचिव

समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण

(वाणिज्य एवं उद्‌योग मंत्रालय, भारत सरकार)

पोस्ट बॉक्स सं. 4272, एमपीईडीए भवन,

पनंपिल्ली नगर,

कोच्ची- 682 036

दूरभाष: 0484 2311901

ई-मेल: coord@mpeda.gov.in

| **सं.** | **ब्योरे** | **एजेंसी द्‌वारा भरे जाने वाले विवरण** |
|---|---|---|
| 1. | नाम | |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय | |
| 3. | कोच्ची में निकटतम कार्यालय शाखा यदि कोई हो | |
| 4. | संपर्क व्यक्ति | |
| 5. | पता | |
| 6. | दूरभाष | |
| 7. | मोबाइल | |
| 8. | ईमेल | |
| 9. | गठन का वर्ष | |
| 10. | पैन कार्ड (प्रति संलग्न करे) | हाँ/ नहीं |
| 11. | सेवा कर पंजीकरण (प्रतियाँ संलग्न करें) | हाँ/ नहीं |
| 12. | टीआईएन पंजीकरण (प्रति संलग्न करे) | हाँ/ नहीं |
| 13. | टर्नओवर 2023-24 | |
| 14. | टर्नओवर 2024-25 | |
| 15. | टर्नओवर 2025-26 | |

| | | |
|---|---|---|
| 16. | चार्टर्ड अकाउंटेंट के यूडीआईएन सहित पिछले 3 वर्षों की लेखापरीक्षा किए गए तुलन पत्र<br>(प्रतियां संलग्न करें) | हाँ/ नहीं |
| 17. | कंपनी पंजीकरण प्रमाण-पत्र (प्रति संलग्न करे) | हाँ/ नहीं |
| 18. | समान कार्यों के मुद्रण एवं सुपुर्दगी के लिए कार्यादेश (कार्यादेश की प्रतियाँ संलग्न करें) | हाँ/ नहीं |
| 19. | सरकार/ पिएसयू/ निजी/ एमपीईडीए के साथ अनुभव (कार्यादेश की प्रतियाँ संलग्न करें) | हाँ/ नहीं |
| 20. | मुद्रण सुविधा के पते का प्रमाण | |
| 21. | पुरस्कार/ प्रमाणन (प्रतियाँ संलग्न करें) | हाँ/ नहीं |
| 22. | ग्राहक वर्ग (सूची दें) | हाँ/ नहीं |
| 23. | घोषणा पत्र | हाँ/ नहीं |
| 24. | कोई अन्य प्रासंगिक सूचना | |
| 25. | **सत्यापन** - निविदा बोली हेतु आवेदन पर अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए, जिससे यह सत्यापित हो कि आवेदन में दी गई सभी जानकारियाँ उसकी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही हैं। यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती है अथवा किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया गया हो, तो आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा तथा इसके अतिरिक्त प्राधिकरण द्वारा विधि के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। | |

**अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम और हस्ताक्षर**

**दिनांक:** **एजेंसी का नाम और मुहर**

**<u>घोषणा पत्र</u>**

प्रिय महोदय,

1. मैं/ हम एतदद्वारा उपर्युक्त उल्लिखित कार्य, अर्थात् वर्ष **2025-26** के लिए एमपीईडीए की वार्षिक रिपोर्ट के मुद्रण एवं सुपुर्दगी हेतु अपना आवेदन प्रस्तुत करता/ करते हैं।

2. मैं/ हम एतदद्वारा घोषणा करता/ करते हैं कि मैं ने/ हमने निविदा दस्तावेज का भली-भांति अध्ययन कर लिया है तथा **"वर्ष 2025-26 के लिए एमपीईडीए की वार्षिक रिपोर्ट के मुद्रण एवं सुपुर्दगी"** संबंधी निविदा के संदर्भ में एमपीईडीए द्वारा निर्धारित सभी नियमों एवं शर्तों को समझ लिया है और उन्हें स्वीकार करता/ करते हैं।

3. मैं/हम पुष्टि करता/करते हैं कि फर्म/कंपनी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज़ स्पष्ट एवं पठनीय हैं। यदि कोई दस्तावेज़ अपठनीय पाया जाता है, तो उसके परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाली समस्त जिम्मेदारी फर्म/कंपनी की होगी।

4. मैं/ हम घोषणा करता/ करते हैं कि निविदा दस्तावेज़ में दी गई समस्त जानकारी सत्य है। यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती है, तो उसके लिए स्वामी/ साझेदार/ निदेशक स्वयं उत्तरदायी होंगे।

5. यह प्रमाणित किया जाता है कि एजेंसी को भारत सरकार/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम आदि के किसी भी संगठन द्वारा कभी भी ब्लैकलिस्ट में शामिल नहीं किया गया है।

6. मैं/ हम एमपीईडीए को यह प्राधिकृत करता/ करते हैं कि यदि मेरे/ हमारे द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर एमपीईडीए की संतुष्टि के अनुरूप अपेक्षित गुणवत्ता की सामग्री की आपूर्ति अथवा कार्य का निष्पादन/ समापन नहीं किया जाता है या इसमें विलंब अथवा विफलता होती है, तो मेरे/ हमारे द्वारा जमा की गई प्रतिभूति राशि को जब्त करने के लिए एमपीईडीए अधिकृत होगा।

7. मैं/ हम यह आश्वासन देता/ देते हैं कि निविदा में वर्णित कार्य को एमपीईडीए की संतुष्टि के अनुरूप निष्पादित करने में सक्षम हूँ/ हैं।

8. मेरे/मेरी फर्म के विरुद्ध कोई सतर्कता/सीबीआई अथवा न्यायालयीन मामला लंबित नहीं है, जिसके कारण मुझे/मेरी फर्म को अनुबंध संबंधी कार्य निष्पादन/आपूर्ति करने से प्रतिबंधित किया गया हो।

9. मैं एतदद्वारा वचन देता हूँ कि निविदा दस्तावेज़ में वर्णित कार्य को निर्धारित अवधि के भीतर सक्षम प्राधिकारी की पूर्ण संतुष्टि के अनुरूप निष्पादित करूँगा।

10. मैं यह जानता हूँ कि एमपीईडीए, कोच्ची को बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार है।

11. मेरे/ हमारे सफल बोलीदाता के रूप में चयनित होने की स्थिति में, मैं एमपीईडीए के साथ अनुबंध निष्पादित करने के लिए सहमत हूँ।

स्वामी/ प्रबंध भागीदार/ निदेशक के हस्ताक्षर

नाम (जो हस्ताक्षर कर रहा है, पूर्ण रूप में)

मुहर

दिनांक :
स्थान :

टिप्पणी : **कंपनी के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित उपर्युक्त घोषणा-पत्र को तकनीकी बोली के साथ अनुलग्न किया जाना चाहिए।**